कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 05.10.2024

विषय:- पारिवारिक समस्या से तंग आकर शास्त्री ब्रिज से कूदने जा रही महिला को थाना रामनगर की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाने पर लाकर समझाबुझाकर उनके परिजन को सुपुर्द किया गया।

आज दिनांक 05/10/2024 को जरिये दूरभाष थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी को सूचना मिली कि एक महिला पारिवारिक समस्या से तंग आकर शास्त्री ब्रिज से कूदने वाली है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रामनगर श्री राजू सिंह के नेतृत्व में थाना रामनगर से मिशन-शक्ति फेज-05 से सम्बन्धित म0उ0नि0 सुजाता चटर्जी व म0का0 आरती यादव तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को समझाबुझाकर थाना रामनगर लाया गया। जहां प्रभारी निरीक्षक राजू सिंह व मिशन-शक्ति की टीम द्वारा महिला को उसके जीवन मूल्यों के बारे में बताया गया। साथ ही उसे सांत्वना दी गयी की मिशन शक्ति टीम सदैव महिला की सुरक्षा के लिये तत्पर रहती है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वह बेझिझक महिला सम्बन्धी हेल्प लाइन नम्बर पर अपनी समस्या रख सकती हैं, जहां उनकी गोपनीयता बरकरार रखने हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। साथ ही महिला के परिवारजनों को भी समझाया गया कि घर में मिल जुल कर रहे। महिला तथा उसके परिवारजनों को समझाने के उपरांत महिला को उसके परिवारजनों को सुपुर्द किया कर दिया गया। महिला द्वारा पुनः उक्त कृत्य न करने का आश्वासन देते हुए महिला तथा उनके परिजनों द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी की प्रशंसा की गयी।

बचाव/परामर्श टीम का विवरण-

1- प्र0नि0 राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2- म0उ0नि0 सुजाता चटर्जी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
3- हे0का0 नवीन कुमार सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी
4- म0का0 आरती यादव थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।